महत्वपूर्ण/ई–मेल

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(मा0)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1–समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक,
उत्तर प्रदेश।
2–समस्त मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांकःशिविर/ 39934-40059 /2023–24 दिनांक 26 दिसम्बर, 2023

विषयः–प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों के लिए वर्ष 2024 की अवकाश तालिका।

महोदय,

शासन द्वारा वर्ष–2024 के लिए घोषित अवकाश के आधार पर प्रदेश के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 2024 के लिए अवकाश तालिका संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

अतः अपने मण्डल के सम्बन्धित जनपदों के स्थानीय अवकाशों को यथावश्यक समायोजित करते हुए माध्यमिक विद्यालयों की अवकाश तालिका अपने स्तर से निर्गत करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत।

भवदीय,

डॉ0(महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक(मा0)
उ0प्र0, लखनऊ।

पृ0सं0ःशिविर/ 39934-40059 /2023–24 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित अधिकारियों को अवकाश तालिका की प्रति सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषितः–

1– अपर शिक्षा निदेशक(मा0/राज0/बेसिक/व्या0शि0/पत्राचार), उत्तर प्रदेश।
2– सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3– क्षेत्रीय अपर सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ,बरेली एवं गोरखपुर।
4– समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

डॉ0(महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक(मा0)
उ0प्र0, लखनऊ।

माध्यमिक विद्यालयों हेतु अवकाश तालिका
01 जनवरी, 2024 से 31 दिसम्बर, 2024 तक

क्र0 सं0	दिनांक	माह	दिवस	अवकाश का नाम	दिवसों की संख्या
1	15	जनवरी	सोमवार	मकर संक्राान्ति	01 दिवस
2	17	जनवरी	बुधवार	गुरूगोविन्द सिंह जयन्ती	01 दिवस
3	25	जनवरी	गुरूवार	*मो0 हजरत अली का जन्म दिवस	01 दिवस
4	26	जनवरी	शुक्रवार	गणतंत्र दिवस	01 दिवस
5	14	फरवरी	बुधवार	बसन्त पंचमी	01 दिवस
6	24	फरवरी	शनिवार	संत रविदास जयन्ती	01 दिवस
7	08	मार्च	शुक्रवार	महाशिवरात्रि	01 दिवस
8	24	मार्च	रविवार	होलिका दहन	01 दिवस
9	25	मार्च	सोमवार	होली	01 दिवस
10	29	मार्च	शुक्रवार	गुडफ्राइडे	01 दिवस
11	01	अप्रैल	सोमवार	ईस्टर मनडे	01 दिवस
12	11	अप्रैल	गुरूवार	* ईद–उल–फितर	01 दिवस
13	14	अप्रैल	रविवार	डा0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्मदिवस	01 दिवस
14	17	अप्रैल	बुधवार	राम नवमी	01 दिवस
15	21	अप्रैल	रविवार	महावीर जयन्ती	01 दिवस
दिनांक 21 मई से 30 जून 2024 तक ग्रीष्मावकाश					
16	17	जुलाई	बुधवार	*मोहर्रम	01 दिवस
17	15	अगस्त	गुरूवार	स्वतंत्रता दिवस	01 दिवस
18	19	अगस्त	सोमवार	रक्षाबन्धन	01 दिवस
19	25	अगस्त	रविवार	*चेहल्लुम	01 दिवस
20	26	अगस्त	सोमवार	जन्माष्टमी	01 दिवस
21	16	सितम्बर	सोमवार	*ईद–ए–मिलाद / बारावफात	01 दिवस
22	17	सितम्बर	मंगलवार	विश्वकर्मा पूजा / अनन्त चतुर्दशी	01 दिवस
23	02	अक्टूबर	बुधवार	महात्मा गांधी जयन्ती	01 दिवस
24	12	अक्टूबर	शनिवार	दशहरा महानवमी / विजय दशमी	01 दिवस
25	30	अक्टूबर	बुधवार	नरक चतुर्दशी	01 दिवस
26	31	अक्टूबर	गुरूवार	दीपावली	01 दिवस

27	02	नवम्बर	शनिवार	गोवर्धन पूजा	01 दिवस
28	03	नवम्बर	रविवार	भैयादूज/चित्रगुप्त जयन्ती	01 दिवस
29	15	नवम्बर	शुक्रवार	गुरूनानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा	01 दिवस
30	24	नवम्बर	रविवार	गुरूतेग बहादुर शहीद दिवस	01 दिवस
31	25	दिसम्बर	बुधवार	क्रिसमस–डे	01 दिवस

अवकाश/रविवार/ग्रीष्मावकाश दिवस – 118
बोर्ड परीक्षा दिवस – 15
कार्य दिवस/शिक्षण दिवस – 233
योग– – 366

नोटः–

1– प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक के विवेकाधीन 03 दिन का अवकाश रहेगा, जिसकी सूचना संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया जाना अनिवार्य है।

2– *मुस्लिम त्योहार चन्द्र दर्शन के अनुसार मनाये जायेगे।

3– प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत विवाहित महिलाओं के लिए करवा चौथ का अवकाश होगा।

4– हरि तालिका तीज अथवा हरियाली तीज, संकठा चतुर्थी, हलषष्ठी/ललई छठ, जीउतिया व्रत/अहोई अष्टमी हेतु व्रत रखने वाली कार्यरत महिला शिक्षिकाओं को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक द्वारा कोई दो अवकाश अनुमन्य किया जायेगा।

5– शोक सभाएँ केवल विद्यालयों में कार्यरत अध्यापको, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्रा के निधन पर ही होगी। विशेष परिस्थिति में शोक सभाएँ अन्तिम वादन में की जायेगी।

6– स्थानीय अवकाश जिलाधिकारी द्वारा निर्गत अवकाश तालिका के अनुसार देय होगें।

7– राष्ट्रीय पर्वो पर संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

8– महापुरूषों के साथ–साथ देश के स्वाधीनता आन्दोलन के क्रान्तिकारियों एवं प्रसिद्व समाज सुधारकों आदि के जन्म दिवसों पर प्रदेश की प्रत्येक स्तर की शिक्षण संस्थाओं में कम से कम एक घण्टे गोष्ठी/सेमिनार आदि आयोजित कर समाज व राष्ट्र को दिशा देने वाले उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा उनके जीवन से सम्बद्व प्रेरक घटनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला जायेगा और यदि उस दिन रविवार या किसी अन्य कारण से अवकाश होगा तो उसके एक दिन पूर्व सम्बन्धित महापुरूष के सम्बन्ध में उपर्युक्त कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

डॉ0 (महेन्द्र देव)
शिक्षा निदेशक(मा0),
उ0प्र0लखनऊ।